प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 बुधवार** **दिनांक 04.06.2025**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राज्य शासन के कर्मियों का चौदह से पच्चीस जून तक हो सकेगा स्थानांतरण–राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज लिया गया निर्णय।

2– निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों को शहरों में सस्ते भूखंड उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम का अनुमोदन किया गया।

3– केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार सत्ताईस में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी।

4– कल विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में होंगे अनेक कार्यक्रम।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**मंत्रिपरिषद–निर्णय–01**

प्रदेश में राज्य शासन के कर्मचारियों के स्थानांतरण चौदह जून से किए जा सकेंगे। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। कैबिनेट मंत्री विजय शर्मा ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानांतरण के लिए आवेदन छह जून से स्वीकार किए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कलाग्राम की स्थापना की जाएगी। वहीं, नवा रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी की स्थापना के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग को तेरह एकड़ से अधिक भूमि निःशुल्क आबंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

**मंत्रिपरिषद–निर्णय–02**

मंत्रिपरिषद ने राज्य के निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों को शहरों में किफायती और सस्ते भूखंड उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम का अनुमोदन किया है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश में युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों व्यक्ति और संगठनों को सम्मानित करने के लिए छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद ने ग्रामीण और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए ''छत्तीसगढ़ होमस्टे नीति का अनुमोदन किया है। वहीं, मंत्रिपरिषद ने तीन ग्राम पंचायतों के नाम बदलने का भी निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत दामाखेड़ा का नाम अब ''कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा'', ग्राम पंचायत गदहाभाठा का सोनपुर और ग्राम पंचायत चण्डालपुर का नाम चन्दनपुर रखा गया है।

**<u>सरकार–जनगणना</u>**

केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार सत्ताईस में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च दो हजार सत्ताईस होगी। पिछली जनगणना वर्ष दो हजार ग्यारह में दो चरणों में की गई थी।

**<u>संसद–मानसून सत्र</u>**

संसद का मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू होगा। विपक्षी पार्टियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संसद का मानसून सत्र बारह अगस्त को संपन्न होगा।

**<u>प्रधानमंत्री–योग</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्रप्रदेश के लोगों का योगांध्र एक सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित अंग बनाने का आह्वान किया।

**<u>सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा</u>**

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर दुनियाभर के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए हैं।

इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन डीसी में अमेरीकी कांग्रेस तथा प्रशासन के सदस्यों, विचारकों, मीडिया और नीति निर्माताओं से मिलकर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर तथा आतंकवाद के विरुद्ध भारत के रुख के बारे में जानकारी देगा।

**<u>शिक्षक–काउंसिलिंग प्रक्रिया</u>**

स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के तहत राज्य के सोलह जिलों के अतिशेष चार हजार चार सौ छप्पन सहायक शिक्षकों, प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इन शिक्षकों की नई पदस्थापना विभिन्न जिलों में कर दी गई है। शेष जिलों में काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है।

गौरलतब है कि दस हजार से अधिक स्कूलों में से सिर्फ एक सौ छियासठ स्कूलों का समायोजन होगा, जिनमें एक सौ तैंतीस स्कूल ग्रामीण इलाकों के हैं। इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी।

**<u>विश्व पर्यावरण दिवस</u>**

कल विश्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कल रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह दस बजे से शुरू होकर साढ़े ग्यारह बजे तक चलेगी। पोस्टर प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम वर्ग बारह वर्ष तक, द्वितीय वर्ग तेरह से सहत्र वर्ष, तृतीय वर्ग अट्ठारह से इक्कीस वर्ष और चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों के लिए है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय "प्लास्टिक प्रदूषण–दुष्प्रभाव एवं समाधान" रखा गया है। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दे पर जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सुबह साढ़े नौ बजे तक नवीन विश्राम गृह में उपस्थित होना होगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर कल सुबह नौ बजे से नौ बजकर दस मिनट तक आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर से विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों प्रदेश के विभिन्न स्थानों में जाकर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही है। रायपुर स्थित राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान–आई.सी.ए.आर. के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर विनय कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आज उनकी टीम बेमेतरा जिले के साजा विकासखंड पहुंची। जहां किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी दी गई।

## कृषि मंत्री–खाद/बीज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश में नकली खाद–बीज बेचने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसमें अधिकृत विक्रेताओं की संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर करने के साथ ही उनका लाइसेंस रद्द करने को भी कहा है। श्री नेताम ने विभागीय अधिकारियों को खाद और बीज विक्रेताओं पर नजर रखने, स्टॉक का नियमित परीक्षण करने, गुणवत्ता और मानकों की जांच करने तथा इस संबंध में किसानों की शिकायतों पर जल्द कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में नकली खाद की बिक्री और जमाखोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सरकार इसे गंभीरता से ले रही है। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि वे खाद और बीज अधिकृत विक्रय केन्द्रों से ही खरीदें।

## वार्षिक हज यात्रा

भारत सहित दुनियाभर से लगभग अट्ठारह लाख हजयात्री आज से शुरू हुई पांच दिवसीय वार्षिक हज यात्रा के लिए सऊदी अरब के मीना में एकत्रित हो रहे हैं। इन लोगों ने पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू की। हजयात्री आज रात मीना में बिताएंगे और कल सुबह हज की मुख्य रस्म अदा करने के लिए अराफात के मैदान जाएंगे। भारतीय हजयात्री **"हज सुविधा"** मोबाइल एप्लीकेशन और समर्पित टोल–फ्री नंबरों के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## दुर्घटना

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान हुए अलग–अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना धमतरी जिले के सिहावा थाना क्षेत्र के दुधावा मोड़ के पास हुई, जहां शादी समारोह से दुर्ग लौट रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में कार अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कार सवार मां–बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, दूसरी घटना रायगढ़ जिले की है, जहां तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक घायल हो गया है। ये तीनों युवक हरीहाट मेला देखकर वापस जा रहे थे, इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। ये युवक कांटाझरिया–चिमटापानी गांव के निवासी बताए जाते हैं।

## बालोद–जल संचय जनभागीदारी

जल संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में बालोद जिले ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जल संचय–जनभागीदारी अभियान के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए बालोद जिला, देश में तीसरे स्थान पर रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवाश्री मुखर्जी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये देश के चौंतीस जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बालोद जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की।

गौरतलब है कि कैच द रेन अभियान के तहत जिले में वर्षाजल को संचित करने के लिए तालाब, कुएं, सोकपिट, गड्ढों का निर्माण और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग जैसी संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत आज महासमुंद में "दाई–बबा दिवस" का आयोजन किया गया।

– कोरबा जिले में एक महिला से फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर पच्चीस लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>